पुणेकर

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

# म.प्र. राज्य पात्रता परीक्षा

# MPSET

# सॉल्व्ड पेपर्स

# इतिहास

## HISTORY

2022 – 2025

आपकी सफलता का सहयोगी . . .
पुणेकर पब्लिकेशन्स
खजूरी बाजार – इन्दौर

© **सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**

- इस पुस्तक मे दिये गये किसी भी भाग के लिये प्रकाशक /विक्रेता/मुद्रक/लेखक इस बात को कतई सुनिश्चित नही करता है कि इस पुस्तक के दी गई जानकारी अंतिम रुप से पूर्ण है। पाठको को यदि इस पुस्तक के किसी भी अंश या प्रश्न पर कोई संशय है तो वह अपन स्त्रोत के आधार पर उसका आकलन करे एवं यदि इस पुस्तक मे कोई विसंगति पाता है निम्न पते पर इस विसंगति को बताये जिससे कि आगामी संस्करण मे इस पुस्तक मे सुधार किया जा सके।
  इस पुस्तक को प्रकाशित करने में प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई हैं फिर भी किसी त्रुटि के लिए , परीक्षार्थी को होने वाले किसी भी संताप या नुकसान के लिये प्रकाशक/विक्रेता/ लेखक जिम्मेदार नहीं होगा।
- इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानांतरण, किसी भी रूप में या किसी या विधि से, इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो प्रतिलिपि, रिकार्डिंग प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

- इस पुस्तक का प्रकाशन प्रतियोगी परीक्षाओ मे तैयारी की दृष्टि से किया गया है। इस पुस्तक के लेखक/प्रकाशक/विक्रेता का किसी भी समुदाय/व्यक्ति/संस्था/धर्म को किसी भी प्रकार से ठेस पहुँचाने का उद्देश्य नही है फिर भी यदि कहीं कोई त्रुटि हुई हो तो क्षमा करे।
- किसी भी विवाद के लिए न्यायक्षेत्र इन्दौर होगा।

- **प्रकाशक : पुणेकर पब्लिकेशन्स, इन्दौर**
  राजगुरु काम्पलेक्स, खजूरी बाजार इन्दौर

- **www.punekarpublications.in**
- **punekerpublication@gmail.com**

विषय-सूची

# म.प्र.राज्य पात्रता परीक्षा


- शिक्षण एवं शोध अभिवृति (प्रथम प्रश्नपत्र) 2022 01
- इतिहास (द्वितीय प्रश्नपत्र) 2022 11
- शिक्षण एवं शोध अभिवृति (प्रथम प्रश्नपत्र) 2024 27
- इतिहास (द्वितीय प्रश्नपत्र) 2024 36
- शिक्षण एवं शोध अभिवृति (प्रथम प्रश्नपत्र) 2025 51
- इतिहास (द्वितीय प्रश्नपत्र) 2025 61


पुणेकर

NOTES

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

# म.प्र. राज्य पात्रता परीक्षा–2022

## शिक्षण एवं शोध अभिवृत्ति (प्रथम प्रश्न-पत्र)

**1. जिनके पास इंटरनेट की पहुँच नहीं है, उन लोगों के लिए निम्नलिखित में से कौन डी.टी.एच. (DTH) चैनल सहायक सिद्ध होते हैं?**

(अ) दीक्षा (ब) स्वयं प्रभा
(स) निष्ठा (द) स्वयं

**Which of the following DTH channels are meant to support and reach who do not have access to the internet ?**

(A) Diksha (B) Swayam Prabha
(C) Nishtha (D) Swayam

**उत्तर-(ब) स्वयं प्रभा (SWAYAM PRABHA)**

स्वयं प्रभा भारत सरकार की शैक्षिक DTH चैनलों की पहल है। इसके माध्यम से टीवी पर DTH के माध्यम से शैक्षिक कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। इसके लिए इंटरनेट कनेक्शन अनिवार्य नहीं है।

- **दीक्षा (DIKSHA)**: डिजिटल शिक्षण सामग्री और शिक्षकों के संसाधनों का मंच।
- **स्वयं प्रभाः** DTH के माध्यम से शैक्षिक कार्यक्रम।
- **निष्ठा (NISHTHA)**: शिक्षकों के प्रशिक्षण से संबंधित पहल।
- **स्वयं (SWAYAM):** ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का मंच।

**2. निम्नलिखित में से कौनसा च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम का सर्वोत्तम लाभ है ?**

(अ) शिक्षक-केन्द्रित से सामग्री-केन्द्रित शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना
(ब) शिक्षकों के लिए लचीलापन प्रदान करना
(स) छात्रों की विश्वसनीयता में सुधार करना
(द) शिक्षक-केन्द्रित से विद्यार्थी-केन्द्रित शिक्षा पर ध्यान आकर्षित करना

**Which of the following is the best advantage of choice based credit system?**

(A) Shift in focus from teacher-centric to content-centric education
(B) Providing flexibility for teacher
(C) Improving credibility of students
(D) Shift in focus from teacher-centric to student-centric education

**उत्तर-(द) शिक्षक-केन्द्रित से विद्यार्थी-केन्द्रित शिक्षा पर ध्यान आकर्षित करना।**

चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम में विद्यार्थियों को निर्धारित नियमों के अंतर्गत अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम या विषय चुनने की सुविधा मिलती है। इससे विद्यार्थी अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार सीखने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

- शिक्षक-केन्द्रित शिक्षा से विद्यार्थी-केन्द्रित शिक्षा में विद्यार्थी की रुचि, आवश्यकता और सीखने की गति पर ध्यान दिया जाता है।

**3. शिक्षण एक ..... प्रक्रिया है ।**

(अ) त्रिध्रुवीय (ब) द्विध्रुवीय
(स) एकध्रुवीय (द) बहुध्रुवीय

**Teaching is a ..... process.**

(A) Tri-polar (B) Bipolar
(C) Unipolar (D) Multipolar

**उत्तर-(अ) त्रिध्रुवीय (Tri-polar)**

शिक्षण को पारंपरिक रूप से त्रिध्रुवीय प्रक्रिया माना जाता है। इसमें तीन प्रमुख तत्व होते हैं:

1. **शिक्षक-** ज्ञान देने और मार्गदर्शन करने वाला
2. **विद्यार्थी-** सीखने वाला
3. **सामाजिक वातावरण-** समाज और वातावरण के अनुसार सीखना

**4. निम्नलिखित में से शिक्षण-स्तर कौनसे हैं?**

(अ) प्राथमिक स्तर, माध्यमिक स्तर और उच्च स्तर
(ब) राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर
(स) स्मृति स्तर, समझ स्तर और चिन्तन स्तर
(द) अध्यापक स्तर, विद्यार्थी स्तर, अभिभावक स्तर

**Which of the following are the levels of teaching?**

(A) Primary level, Secondary level and Higher level
(B) State level, National level and International level
(C) Memory level, Understanding level and Reflective level
(D) Teacher level, Student level and Parent level

**उत्तर-(स) स्मृति स्तर, समझ स्तर और चिंतन स्तर।**

शिक्षण के तीन प्रमुख स्तर हैं:

1. **स्मृति स्तर (Memory Level)-** इसमें तथ्यों, परिभाषाओं और सूचनाओं को याद करने पर जोर दिया जाता है। उदाहरणः किसी नदी का नाम याद करना।
2. **समझ स्तर (Understanding Level)-** इसमें विद्यार्थी विषय का अर्थ समझता है और अपने शब्दों में समझा सकता है। उदाहरणः नदी के जल के उपयोग समझाना।
3. **चिंतन स्तर (Reflective Level)-** इसमें विद्यार्थी तर्क करता है, समस्या का विश्लेषण करता है और समाधान खोजता है। उदाहरणः नदी प्रदूषण की समस्या के समाधान खोजना।

**5. शिक्षण की कौनसी विधि विद्यार्थियों में पूछताछ की भावना विकसित करती है ?'**

(अ) परियोजना विधि (ब) अन्वेषण विधि
(स) समस्या समाधान विधि (द) प्रयोगशाला विधि